भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

15.12.2021 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2972 का उत्तर

कर्नाटक में ठहरावों को दुबारा बंद करना

2972. श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:

डॉ. उमेश जी. जाधव:

श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे ने कोविड-19 को देखते हुए कर्नाटक के विभिन्न स्टेशनों पर कई ट्रेनों के ठहराव को दुबारा बंद कर दिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी स्टेशन-वार और जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने ऐसे स्टेशनों पर ठहराव बहाल करने का कोई निर्णय लिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) संसद सदस्यों से अनुरोध प्राप्त करने के बाद कर्नाटक में बहाल की गई ट्रेनों की संख्या का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): कोविड-19 महामारी के फैलाव को रोकने के लिए भारतीय रेल ने 23 मार्च, 2020 से सभी नियमित यात्री गाड़ियों को बंद कर दिया और राज्य सरकार के सुझावों तथा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए तथा जारी स्वास्थ्य संबंधी परामर्शों को देखते हुए सीमित ठहरावों के साथ केवल स्पेशल गाड़ियां परिचालित की जा रही थी।

(ग): भारतीय रेल ने तार्किक समय-सारिणी के साथ नियमित गाड़ियों के परिचालन की शुरूआत करने का निर्णय लिया है।

(घ): भारतीय रेल राज्य-वार आधार पर गाड़ियों का परिचालन नहीं करती क्योंकि रेल नेटवर्क राज्य की सीमाओं के आर-पार फैला है। बहरहाल, दक्षिण पश्चिम रेलवे पर 87 मेल/एक्सप्रेस गाड़ी सेवाएं और 86 पैसेंजर गाड़ी सेवाएं परिचालन में है, जो मुख्यत: कर्नाटक राज्य को सेवित करती हैं।

*****